# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

☎06244–222815, E-mail-dc.khagaria@gmail.com

कार्यालय आदेश.......16......../दिनांक :14.01.2025/

## कार्यालय आदेश

मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना (गुणवत्ता प्रभावित) अन्तर्गत संवेदक– Aadarsh Institute of social Economic Development, At- Gogri, Ratan, Khagaria. को अलौली प्रखंड के शहरबन्नी पंचायत में वार्ड संख्या– 2A एकरारनामा संख्या– MBD-508/2019-20 के अंतर्गत "हर घर नल का जल" योजना का कार्य आवंटित है। सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक– 231 दिनांक– 23.11.2024 एवं ज्ञापांक–03 दिनांक– 02.01.2025 द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के अनुसार उक्त एकरारनामा में O&M का कार्य एकरारनामा के अनुसार नहीं की जा रही है, एवं योजना बंद है, योजना से संबंधित त्रुटियों का जानकारी संवेदक को कई बार व्हाटसएप्प, दूरभाष एवं पत्र के माध्यम से दिया गया। परन्तु वर्तमान तक संवेदक द्वारा त्रुटि का निराकरण कर जलापूर्ति चालू नहीं की गई है एवं वर्तमान में भी कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि संवेदक को आवंटित कार्य का संचालन करने के प्रति गंभीर नहीं है। "हर घर नल का जल" एक महत्त्वकांक्षी योजना है एवं इस योजना का लाभ आम जनों को नहीं मिल पा रहा है, ऐसी परिस्थिति में संवेदक द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही उचित नहीं है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं संबंधित सहायक अभियंता के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आलोक में एकरारनामा के अनुसार कार्य में लापरवाही एवं रूचि नहीं लेने के लिए सम्यक् विचारोपरांत एवं बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11 (क) की उपकंडिका–II के आलोक में संवेदक– Aadarsh Institute of social Economic Development, At- Gogri, Ratan, Khagaria. (सूचीबद्धता संख्या– 1714/2019, श्रेणी द्वितीय) को को अगले सभी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

14/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक–......102......./दिनांक–14/01/2025/

प्रतिलिपि:– Aadarsh Institute of social Economic Development, At- Gogri, Ratan, Khagaria. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक–......102......./दिनांक–14/01/2025/

प्रतिलिपि:– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बेगूसराय/मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

14/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक–......102......./दिनांक–14/01/2025/

प्रतिलिपि:– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

14/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

डायरी - 497
22.01.25